cmpdi
A Mini Ratna Company

# e- News Letter CMPDIL

December 2021

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# सीएमपीडीआई और रामकृष्ण मिशन टीबी सेनेटोरियम तथा सीआईपीईटी के बीच एमओए





दिनांक 21.12.2021 को सीएमपीडीआई (मुख्यालय), राँची के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत रामकृष्ण मिशन टीबी सेनेटोरियम, तुपुदाना, राँची को अल्ट्रासाउंड कलर डोपलर सिस्टम की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया। निदेशक(तकनीकी /आरडीएण्डटी) श्री आर०एन० झा की उपस्थिति में महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) श्री मनोज सहाय तथा रामकृष्ण मिशन टीबी सेनेटोरियम के सचिव स्वामी सत्संगानंद जी महाराज के बीच इस समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। सीएमपीडीआई ने इस परियोजना के निमित सीएसआर के तहत 10.50 लाख रूपये का निधि स्वीकृत किया है।

सीएसआर के तहत सीआईपीईटी को सीएमपीडीआई ने वित्त वर्ष 2021-22 में 68 लाख रूपये का निधि स्वीकृत किया है। इस माध्यम से झारखंड के 80 वंचित/बेरोजगार/ अर्ध-बेरोजगार युवकों को मशीन ऑपरेटर (छह माह का पाठ्यक्रम) का ''कौशल विकास प्रशिक्षण'' देने के लिए सीएमपीडीआई एवं सेन्ट्रल इंस्टीच्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया। श्री मनोज सहाय तथा सीआईपीईटी, सीएसटीएस के संयुक्त निदेशक/प्रमुख श्री प्रवीण बी० बछव के  बीच इस समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया।

इस समझौते ज्ञापन के तहत सीआईपीईटी), हेहल में झारखंड के 40 लाभुकों को मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक प्रोसेसिंग (एमओ-पीपी) तथा 40 लाभुकों को मशीन ऑपरेटर-इंजेक्शन मोल्डिंग टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण दिया लाएगा। उक्त कोर्स नेशनल स्कील क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) से जुड़ा है तथा नेशनल स्कील्स क्वालिफिकेशन कमिटी (एनएसक्यूसी)-नेशनल स्कील डेवलपमेंट एजेंसी (एनएसडीए), कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार से स्वीकृत है।

# नॉलेज शेयरिंग सेशन

दिसंबर माह 2021 में सीएमपीडीआई (मुख्यालय) तथा क्षेत्रीय संस्थानों में नॉलेज शेयरिंग सेशन का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों में कोल से संबंधित तथा कोल तकनीक विषयों पर चर्चा हुई।









# आजादी का अमृत महोत्सव






आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत सीएमपीडीआई के विभिन्न संस्थानों में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया तथा क्षेत्रीय संस्थान-2 में सेमिनार और ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस सेमिनार में आजादी के कोयला उद्योग एवं तेल कंपनियों का राष्ट्रीयकरण, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, 1947 के भारत के आर्थिक विकास के प्रमुख आयामों पर भी चार्चा की गई।

# एक दिवसीय जागरूकता सत्र














दिनांक 06.12.2021 को सीएमपीडीआई (मुख्यालय) तथा इसके विभिन्न क्षेत्रीय संस्थानों में एक दिवसीय में ''कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 पर एक दिवसीय जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यौन उत्पीड़न के मामलों के निवारण के लिए

अधिनियम के प्रावधानों और

विभिन्नों तंत्रों, आंतरिक शिकायत समिति के गठन और इसके कर्त्तव्यों शक्तियों और जिम्मेदारी के बारे में भी बताया गया।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), राँची की बैठक



दिनांक 22.12.2021 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) राँची की बैठक का आयोजन में किया गया।

बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि 'क' क्षेत्र में स्थित होने के कारण सभी कार्यालयों का यह दायित्व बनता है कि राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करें। ऐसा करते हुए ही हम अहिंदी भाषी राज्यों को यह प्रेरणा दे सकते हैं कि वे भी अपना अधिकाधिक कार्य हिंदी में करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने कार्यालयों की गृह-पत्रिकाओं के पारस्परिक वितरण का भी सुझाव दिया।






## अन्तर क्षेत्रीय संस्थान बॉलीबॉल टूर्नामेंट
## क्षेत्रीय संस्थान-7, भुवनेश्वर विजेता





दिनांक 16.12.21 एवं 17.12.21 को क्षेत्रीय संस्थान-1 में अन्तर क्षेत्रीय संस्थान बॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में मुख्यालय सहित सभी सातों क्षेत्रीय संस्थानों ने हिस्सा लिया, विजेता क्षेत्रीय संस्थान-7, भुवनेश्वर की टीम रही तथा उपविजेता क्षेत्रीय संस्थान-2, धनबाद की टीम रही। विजेता प्रतिभागियों को क्षेत्रीय निदेशक श्री इरशाद अहमद ने शिल्ड देकर पुरस्कृत किया।

# ब्रीज प्रतियोगिता
# सीएमपीडीआई ( मुख्यालय ) विजेता









अतंर क्षेत्रीय ब्रीज प्रतियोगिता में सीएमपीडीआई (मुख्यालय) की टीम ने चैम्पियनशिप का खिताब हासिल किया। रांची के मुख्य प्रबंधक श्री सम्राट दासगुप्ता तथा क्षेत्रीय संस्थान-3 के मुख्य प्रबंधक श्री ब्रतीन बसु की जोड़ी ने जीता। क्षेत्रीय संस्थान-5 की टीम उपविजेता रही।

## सीएमपीडीआई ( मुख्यालय ) शतरंज प्रतियोगिता में विजेता





# सेवानिवृत्त



श्रीमती कलावती कुमारी पंडित
वरीय अनुवादक, ए-1
कार्मिक एवं प्रशासन विभाग



श्री सोम प्रकाश मिश्र
वरीय अनुवादक, ए-1
कार्मिक एवं प्रशासन विभाग



मो. मन्नान सिद्दकी
खेल पर्यवेक्षक, ए-1
सीईडी विभाग



श्री सुरजु उराँव
लेखापाल,
वित्त विभाग



श्रीमती अमिता बेक
वरीय वैज्ञानिक सहायक
सीसी लैब विभाग



मो माशुम खान
इलेक्ट्रिशियन
नगर अभियंत्रण विभाग



श्री सुरेन्द्र सिंह
चालक सह मैकेनिक
सीडीएस बड़काकना (एमएम) विभाग



श्री लतेल राम कोशले
चालक सह मैकेनिक
ईएण्डएम (परिवहन) विभाग



श्री नील मोहन गोप
पाइप फिटर
नगर अभियंत्रण विभाग



श्री गणेश रॉय
वरीय वेयरर
नगर अभियंत्रण



श्री पार्थ प्रतिम मुखर्जी
कार्यालय अधीक्षक
क्षेत्रीय संस्थान-1, आसनसोल



श्री अनुप कुमार बिस्बास
महाप्रबंधक ( सिविल )
क्षेत्रीय संस्थान-5 ( बिलासपुर )



श्री अनुप तुलसी धारी गुइन
मुख्य प्रबंधक ( खनन )
क्षेत्रीय संस्थान-5 ( बिलासपुर )



श्री अमरेन्द्र झा
मुख्य प्रबंधक ( ई एण्ड एम )
क्षेत्रीय संस्थान-6 ( सिंगरौली )



श्री अजय कुमार सिंह
मुख्य प्रबंधक ( ई एण्ड एम )
क्षेत्रीय संस्थान-6 ( सिंगरौली )




श्री कैलाश चंद्र पात्र, वरीय क्लर्क
एवं
मोहम्मद कलीम, पम्प ऑपरेटर,
क्षेत्रीय संस्थान-7 ( भुवनेश्वर )